# दिनांक-27.06.2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल पर आयोजित "मंडल संसदीय समिति" की बैठक का कार्यवृत

**बैठक के दौरान उपस्थित माननीय सांसद :**

| | |
|---|---|
| 1 | श्री विष्णु दयाल राम, संसद सदस्य (लोकसभा), पलामू |
| 2 | श्री मनोज कुमार, संसद सदस्य (लोक सभा), सासाराम |
| 3 | श्री वीरेन्द्र सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा), चंदौली |
| 4 | श्री सुदामा प्रसाद, संसद सदस्य (लोक सभा), आरा |
| 5 | श्री राजाराम सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा), काराकट |
| 6 | श्रीमती दर्शना सिंह, संसद सदस्या (राज्य सभा), उत्तर प्रदेश |
| 7 | श्रीमती साधना सिंह, संसद सदस्या (राज्य सभा), उत्तर प्रदेश |

**बैठक के दौरान उपस्थित माननीय सांसद के प्रतिनिधि:**

| | |
|---|---|
| 1 | श्री अजीत सिंह, प्रतिनिधि – माननीय सांसद (लोकसभा), बक्सर |
| 2 | श्री राजेश पांडे, प्रतिनिधि - माननीय सांसद (लोकसभा), गया |
| 3 | श्री संजय कुमार, प्रतिनिधि - माननीय सांसद (लोकसभा), औरंगाबाद |

**बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण :**

| | |
|---|---|
| 1 | श्री छत्रसाल सिंह, महाप्रबन्धक/पू.म.रे. |
| 2 | श्री उदय सिंह मीना, मंडल रेल प्रबन्धक/डीडीयू |
| 3 | श्री सुमन कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव, पू.म.रे. |
| 4 | श्री अभिषेक कुमार, उप महाप्रबन्धक (सामान्य)/ पू.म.रे. |
| 5 | श्रीमती इंदू दुबे, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/ पू.म.रे. |
| 6 | श्री प्रभात कुमार, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबन्धक/ पू.म.रे. |
| 7 | श्री आर.के.चौधरी, प्रधान मुख्य विद्धुत अभियंता, पू.म.रे. |
| 8 | श्री रामाश्रय पाण्डेय, मुख्य प्रशा.अधि./निर्माण/दक्षिण, पू.म.रे. |
| 9 | श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य प्रशा.अधि./निर्माण-सड़क सुरक्षा परियोजना/ पू.म.रे. |
| 10 | श्री शैलेश वर्मा, प्रधान मुख्य अभियंता, पू.म.रे. |
| 11 | श्री बिरेंद्र कुमार, सी.पी.टी.एम./ पू.म.रे. |
| 12 | डॉ. यू. के. पेरूमल, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पू.म.रे. |
| 13 | श्री सरस्वती चन्द्र, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पू.म.रे. |
| 14 | श्री अमरेश कुमार, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, पू.म.रे. |
| 15 | श्री दिलीप कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक,डीडीयू |
| 16 | श्री अतुल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक/डी.एफ.सी.सी.आई.एल. डी.डी.यू. |
| 17 | श्री राजीव रंजन, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डी.डी.यू. |
| 18 | श्री सूरज कुमार, वरीय मंडल अभियंता (स.), डी.डी.यू. |
| 19 | श्री नितिन कुमार, वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता, डी.डी.यू. |
| 20 | श्री केशव आनंद, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक, डी.डी.यू. |
| 21 | श्री विवेक सौरभ, वरीय मंडल संकेत एवम् दूरसंचार अभि., डी.डी.यू. |
| 22 | श्री जेथिन बी राज, वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, डीडीयू |
| 23 | श्री के. के. भार्गव, सी.पी.एम./आर.वी.एन.एल. पटना |

**बैठक के कार्यक्रम का क्रम:**

| | |
|---|---|
| **1.** | वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डी.डी.यू. के स्वागत संबोधन के साथ बैठक की शुरुआत की गई। |
| **2.** | बैठक में उपस्थित सभी अधिकारीगण द्वारा अपना-अपना औपचारिक परिचय दिया गया। |
| **3.** | महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा माननीय सांसदों एवं माननीय सांसद के प्रतिनिधियों का शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। |
| **4.** | वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डी.डी.यू. के अनुरोध पर बैठक में उपस्थित सभी माननीय सांसदों की सर्वसहमति से माननीय सांसद, पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी को "मंडल संसदीय समिति" का अध्यक्ष चुना गया। |
| **5.** | "मंडल संसदीय समिति" के अध्यक्ष - माननीय सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही शुरू की गयी। |
| **5.** | महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा बैठक का संबोधन –<br>➢ माननीय सांसदों को बैठक मे भाग लेने एवं समय-समय पर उनके द्वारा दिए गए अमूल्य सुझावों जो रेलवे की कार्य प्रणाली मे सुधार एवं यात्री सुविधाओं में विस्तार में बहुत ही सहायक होता हैं, के लिए उनका आभार व्यक्त किया।<br>➢ पूर्व मध्य रेल के डी.डी.यू. मंडल पर रेल नेटवर्क का विस्तार, दोहरीकरण, विधुतीकरण, स्टशन पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं विकास इत्यादि कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया गया।<br>➢ पूर्व मध्य रेल के डी.डी.यू. मंडल पर विभिन्न मदों जैसे – माल यातायात, यात्री यातायात, टिकट चेकिंग इत्यादि के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में बताया गया। |
| **6.** | महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल के संबोधन के बाद मंडल रेल प्रबंधक, डी.डी.यू. द्वारा डी.डी.यू. मंडल का संक्षिप्त परिचय एवं किये गए महत्वपूर्ण कार्यों और उपलब्धियों से संबंधित पावर पॉइंट का प्रस्तुतीकरण दिया गया। |
| **7.** | "मंडल संसदीय समिति" के अध्यक्ष की अनुमति से बैठक के लिए प्राप्त मदों पर चर्चा शुरू की गई। |
| **8.** | एजेंडा के मदों पर चर्चा के उपरांत महाप्रबंधक, पू.म.रे. द्वारा माननीय सांसदों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। |
| **9.** | मंडल रेल प्रबंधक, डी.डी.यू. द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ "मंडल संसदीय समिति" के अध्यक्ष की अनुमति से बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई। |

## माननीय सांसदों से प्राप्त मदों पर निम्नानुसार चर्चा की गई :

| क्रं. सं. | माननीय सांसद | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती दर्शना सिंह जी, माननीया सांसद - राज्यसभा | 3 |
| 2. | श्री वीरेन्द्र सिंह जी, माननीय सांसद – चंदौली लोकसभा | 4-5 |
| 3. | श्री सुदामा प्रसाद, माननीय सांसद – आरा लोकसभा | 6-7 |
| 4. | श्री राजाराम, माननीय सांसद – आरा लोकसभा | 8-9 |
| 5. | श्री मनोज कुमार, माननीय सांसद – सासाराम लोकसभा | 10-12 |
| 6. | श्रीमती दर्शना सिंह जी, माननीया सांसद - राज्यसभा | 13 |
| 7. | श्री विष्णु दयाल राम जी, माननीय सांसद – पलामू लोकसभा | 14-15 |
| **माननीय सांसद के प्रतिनिधि** | | |
| 8. | श्री संजय कुमार, प्रतिनिधि- माननीय सांसद औरंगाबाद | 16-17 |
| 9. | श्री राजेश कुमार पाण्डेय, प्रतिनिधि- माननीय सांसद गया | 18-19 |
| 10. | श्री अजीत कुमार सिंह, प्रतिनिधि- माननीय सांसद | 20-21 |

| 1. श्रीमती दर्शना सिंह, माननीया सांसद (राज्यसभा) | | |
|---|---|---|
| **क्रं.सं.** | **मद** | **संबंधित अधिकारी** |
| 1 | डीडीयू स्टेशन के साउथ साइड में भी एक एस्केलेटर की जरूरत है। | PCE<br>PCEE |
| 2 | डीडीयू स्टेशन पर मुख्य तरफ एस्केलेटर तो लगा है लेकिन इस से वृद्धो और दिव्यांगो पूरा सहूलियत नहीं मिलता है ।अतः एस्केलेटर के साथ लिफ्ट की भी आवश्यकता है। | PCE<br>PCEE |
| 3 | प्लेटफार्म संख्या 3/4 पर पूर्व की तरफ टॉयलेट की आवश्यकता है। टॉयलेट प्लेटफार्म पर दूसरे तरफ है दोनों के बीच की दूरी 1 किलोमीटर है अतः दूसरे तरफ भी टॉयलेट जरूरी है। | PCE |
| 4 | डीडीयू स्टेशन पर प्रतिदिन 200 से ज्यादा गाड़ियां गुजरती है इसलिए यहां मेडिकल फैसिलिटी हमेशा परमानेंट 24 घंटे होनी चाहिए अभी की व्यवस्था में समस्या होने पर डॉक्टर को बुलाया जाता है मेरी मांग यह है कि यहां 24 घंटा एक डॉक्टर की ड्यूटी होनी चाहिए स्टेशन पर | CMS |
| 5 | रेलवे संपत्ति की चोरी रोकने की दिशा में रेलवे द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है ? | PCSC |

# 2. श्री वीरेन्द्र सिंह, माननीय सांसद, चंदौली लोकसभा क्षेत्र

| क्रं. सं. | मद | संबंधित अधिकारी |
|---|---|---|
| 1. | **मुगलसराय रोड से पटपरा रेलवे गोदाम तक सड़क का निर्माण** - मुगलसराय रोड से पटपरा रेलवे गोदाम तक सड़क का बनना जनहित में अत्यंत आवश्यक हैं। इस हेतु कई बार मेरे द्वारा माननीय रेल मंत्री एवं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को पत्राचार द्वारा तथा व्यक्तिगत रूप से मिलकर कहा गया हैं । उसकी अद्यतन स्थिति क्या हैं ? अवगत कराएं। | PCE |
| 2. | **रेलवे सेटलमेंट एरिया में जल निकासी की समुचित व्यवस्था** - रेलवे सेटलमेंट एरिया में मंडल रेल प्रबंधक के साथ मैंने स्वयं दौरा किया था और वहां की दयनीय स्थिति को हम लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा था। इस सन्दर्भ में आश्वस्त किया गया था कि वर्षा से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जायेगा। इस सन्दर्भ में भी माननीय रेल मंत्री एवं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को फण्ड उपलब्ध कराने हेतु कहा था । वर्तमान में उक्त सेटलमेंट एरिया में जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो गयी अथवा नहीं ? अवगत कराने का कष्ट करें। | PCE |
| 3. | **पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर अतिक्रमण की समस्या** - पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन अत्यंत व्यस्ततम रेलवे स्टेशनो में से एक हैं। गलत तरीके से अतिक्रमण के कारण वहां अकसर जाम की स्थिति बनी रहती हैं और लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। इस दिशा में (अतिक्रमण हटाने के लिए) क्या कदम उठाये गए हैं अथवा जा रहे हैं? अवगत कराने का कष्ट करें। | PCSC |
| 4. | **रेलवे के जरिये अवैध रूप से हो रहे मादक पदार्थों की तस्करी** - हमारा जनपद बिहार बॉर्डर से सटा हुआ हैं। मेरे द्वारा सदन के अन्दर रेलवे के जरिये अवैध रूप से हो रहे मादक पदार्थों की तस्करी की समस्या को कई बार उठाया गया हैं। इस सन्दर्भ में अभी तक जो भी कार्यवाही की गयी हैं उससे अवगत कराने का कष्ट करें। | PCSC |
| 5. | **स्टेशन पर अवैध वेंडर्स** काफी तादाद में मौजूद हैं। इससे यात्रियों को काफी असहुलियत और नुकसान होता हैं। उनपर की जा रही कार्यवाही से भी अवगत कराने का कष्ट करें। | PCSC |
| 6. | **कोरोना काल और उससे पूर्व बंद रेलगाड़ियों के संचालन** - मेरे द्वारा सदन के अन्दर, माननीय रेल मंत्री एवं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड से मिलकर और पत्राचार द्वारा कोरोना काल और उससे पूर्व बंद रेलगाड़ियों के संचालन हेतु खासकर मुगलसराय- पटना रूट पर सकलडीहा, तुलसी आश्रम व धीना तथा मुगलसराय- गया रूट पर सैय्यदराजा और मझवार (चंदौली) स्टेशन पर ठहराव की क्या स्थिति हैं ? अवगत कराने का कष्ट | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 7. | **धीना अमड़ा रोड क्रासिंग पर आर.ओ.बी. का निर्माण** - माननीय रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी एवं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को धीना अमड़ा रोड क्रासिंग पर एक आर.ओ.बी. हेतु पत्र दिया था । उक्त सन्दर्भ में क्या कार्यवाही हुई । अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें। | PCE<br>CAO/CON. |
| 8. | **पटपरा तथा सरेसर यार्ड में भण्डारण एवं वितरण के लिए अलग से एक यार्ड का निर्माण** - पटपरा तथा सरेसर यार्ड में भण्डारण एवं वितरण के लिए माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन किया गया था तथा उन्होंने निदेशालय को इस दिशा में निर्देशित भी किया हैं। इस सन्दर्भ में कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें । | PCE |
| 9. | **चंदौली मझवार स्टेशन पर आधारभूत सुविधाओं का अभाव एवं वर्तमान कार्य की प्रगति** - चंदौली जनपद के जिला मुख्यालय चंदौली का मझवार रेलवे स्टेशन आज भी आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं। अच्छी बात यह हैं कि वहां प्लेटफार्म के विस्तारीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं की दिशा में कार्य किया भी जा रहा हैं। वर्तमान में उक्त स्टेशन की अद्यतन स्थिति क्या हैं? अवगत कराने का कष्ट करें। | PCE<br>CAO/CON. |
| 10. | **कुछमन रेलवे ओवर ब्रीज की डबल लेन** कब तक बनकर तैयार हो रही हैं। | PCE<br>CAO/CON. |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | **बहोरा रेलवे हाल्ट पर इस पार से उस पार जाने हेतु रेलवे फाटक बनाने हेतु -** माननीय रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी एवं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को पत्राचार द्वारा तथा व्यक्तिगत रूप से मिलकर जमनिया और धीना रेलवे स्टेशन के मध्य बहोरा रेलवे हाल्ट पर इस पार से उस पार जाने हेतु रेलवे फाटक बनाने हेतु बात हुयी थी ताकि पचासों ग्रामसभा के लोग इस पार से उस पार आसानी से आ जा सके (पत्र संलग्न) \| इस सन्दर्भमें कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें। | PCE<br>CAO/CON. |
| 12. | **गाडी सं. 13007/08 का सैय्यदराजा रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज -** सैय्यदराजा रेलवे स्टेशन पर गाडी सं. 13007/08 गंगा-सतलज एक्सप्रेस का पुनः 2 मिनट का स्टॉपेज प्रदान किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 13. | चंदौली जिला मुख्यालय है और चंदौली का विकास तभी होगा जब चंदौली मझवार स्टेशन पर रेल का ठहराव होगा । कोरोना से पहले कई गाड़ियां यहां रुकती थी अब केवल एक ही ट्रेन रुक रही है। कोरोना से पहले रूकने वाली बाकी ट्रेनों का भी ठहराव किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 14. | डीडीयू में कर्मचारियों के रहने के लिए जो मकान है वह जर्जर हो गए हैं ।वहां पर जल भराव की भी समस्या रहती है ।जल निकासी का सही व्यवस्था नहीं है। वहां छिड़काव की भी जरूरत है ।मरम्मत की जरूरत है ।अगर रहने के लिए व्यवस्था अच्छे से होगी तभी कर्मचारी अच्छे से काम कर सकेंगे। | PCE |
| 15. | मुगलसराय स्टेशन से 240 गाड़ियों का संचालन होता है लेकिन इसका एंट्री पॉइंट बहुत ही कम है इसको बढ़ाने की आवश्यकता है ।यह स्टेशन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के नाम पर है इस स्टेशन को और सुंदर स्टेशन बनाए जाने की आवश्यकता है। | PCE |
| 16. | साधारण ट्रेनों में भारी भीड़ हो रही है इसको दूर करने के लिए उपाय करने की आवश्यकता है। इसके लिए कोरोना काल में बंद हो चुकी ट्रेनों को पुनः चालू करने या किसी स्टेशन पर जिन गाड़ियों का ठहराव निरस्त कर दिया गया उसको पुनः बहाल करने की आवश्यकता है।इसके अलावा जनरल कोच और स्लीपर कोच को बढ़ाये जाने की भी आवश्यकता है । | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |

**********

| 3. श्री सुदामा प्रसाद, माननीय सांसद आरा | | |
|---|---|---|
| **क्रं. सं.** | **मद** | **संबंधित अधिकारी** |
| 1. | प्रस्तावित आरा सासाराम रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। | CAO/CON |
| 2. | प्रस्तावित आरा से भभुआ रोड होते हुए मुंडेश्वरी धाम तक रेल लाइन का निर्माण अतिशीघ्र पूरा किया जाए। | CAO/CON |
| 3. | आरा-बलिया तथा आरा-छपरा रेल लाइन का निर्माण करवाया जाए। | CAO/CON |
| 4. | आरा स्टेशन से लेकर बक्सर स्टेशन तक तथा आरा से सासाराम तक के सभी छोटे स्टेशनों के जर्जर व उबड़-खाबड प्लेटफॉर्मों को ढलाई कर ठीक किया जाए। यहाँ यात्रियों के बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है। पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था भी खराब हालत में है। सभी छोटे स्टेशनों पर महिलाओं को प्लेटफार्म के अगल-बगल के खेतों में जाना पड़ता है। शौचालयों के बाहर-अंदर झाड़िया जम चुकी हैं और दरवाजे व पानी की व्यवस्था भी नहीं है। सभी स्टेशनों पर प्लेटफार्म के दोनों तरफ प्रतीक्षालय का निर्माण अति आवश्यक है, क्योंकि लू और बरसात का सामना करते हुए यात्री गाड़ियों की प्रतीक्षा करते हैं। रात में प्रकाश की व्यवस्था न रहने से अपराध का खतरा बना रहता है। | PCE |
| 5. | आरा से सासाराम तक निर्मित अंडर पास में जल जमाव की समस्या रहती है। इसे तत्काल ठीक किया जाए। | PCE |
| 6. | आरा सासाराम रुट में हाल्ट स्टेशनों पर प्लेटफार्म लो लेवल का है जिससे चढ़ने उतरने में यात्री के गिरने का डर हमेशा बना रहता है । वहां पर हाई लेवल प्लेटफार्म किया जाए। | PCE |
| 7. | बनाही और रघुनाथपुर में ओवर ब्रिज बनाया जाए। | PCE<br>CAO/CON |
| 8. | रघुनाथपुर (बक्सर) में फूट ओवर ब्रिज बनाया जाए। | PCE<br>CAO/CON |
| 9. | हसनबाजार स्टेशन हॉल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिया जाए तथा यहां गाड़ी संख्या 13249/13250 भभुआ पटना इंटर सिटी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 10. | गड़हनी रेलवे स्टेशन पर आरा रांची गाड़ी संख्या 18639 का ठहराव किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 11. | गड़हनी रेलवे स्टेशन पर पहुंच पथ का निर्माण किया जाए। | PCE |
| 12. | आरा सासाराम रेलवे खण्ड में बने सेमराव स्टेशन को पुनः चालू किया जाए। | PCOM<br>PCCM |
| 13. | आरा सासाराम रूट पर सासाराम से पटना जाने के लिए वाया आरा 12 बजे के बाद कोई ट्रेन की सुविधा नहीं है। इसलिए एक पैसेंजर ट्रेन की व्यवस्था की जाए। | CPTM |
| 14. | आरा सासाराम रूट के कसाप स्टेशन पर पैसेंजर गाड़ी संख्या 03617, 03618, 3672, 3774 का ठहराव किया जाए और यात्री शेड का निर्माण किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 15. | आरा सासाराम रेल खण्ड में नोनार हाल्ट पर पटना सासाराम गाड़ी संख्या 03611, 03612 का ठहराव किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 16. | आरा सासाराम रेलखंड के चरपोखरी हाल्ट पर 13249, 13250 ट्रेन का ठहराव किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 17. | आरा सासाराम रेल खण्ड के नगरी हाल्ट पर पहुंच पथ का निर्माण कराया जाए। | PCE |
| 18. | आरा स्टेशन पर निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव प्रदान किया जाये:<br>गाडी सं. 12309/10, गाडी सं. 19313/14, गाडी सं.19321/22<br>गाडी सं. 12317/18, गाडी सं. 12487/88, गाडी सं. 12315/16<br>गाडी सं. 12323/24, गाडी सं. 12355/56, गाडी सं. 12352/51 | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 19. | गाडी सं. 13330/29 गंगा-दामोदर एक्सप्रेस का विस्तार आरा स्टेशन तक किया जाए। | CPTM |
| 20. | गाडी सं. 12355/56 का विस्तार कटरा तक किया जाये। | CPTM |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | पटना/दानापुर से आरा के लिए 7.30 के बाद कोई सवारी गाड़ी नहीं है। सीधे 10. 10 में सवारी गाडी है। | CPTM |
| 22. | बिहिया रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13237/13238/ 13239/13240 पटना कोटा एक्सप्रेस तथा 15645/15646 /15647/15648 गुवाहटी लोकमान्य एक्सप्रेस, 13005/ 13006 हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस, 12295/12296 संघमित्रा एक्सप्रेस, 13487/12488 सीमांचल एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 23. | दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत बनाही रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से पूर्व चलने वाली फरक्का एक्सप्रेस (15733/15734 एवं 15743/15744) को बनाही स्टेशन पर पुनः बहाल किया जाए तथा विभूति एक्सप्रेस (12333/12334), काशी पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस (15125/15126), बक्सर टाटानगर एक्सप्रेस (18183/18184) और मगध एक्सप्रेस (20801/20802) का ठहराव किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 24. | आरा जंक्शन से चेन्नई, बंगलौर के लिए ट्रेन शुरू कराया जाए। | CPTM |
| 25. | भागलपुर दानापुर एक्सप्रेस इंटरसिटी का विस्तार आरा, बक्सर तक कराया जाए। | CPTM |
| 26. | डीडीयू रेलवे मंडलीय अस्पताल मे Ultrasound, MRI, सीटी-स्कैन मशीन उपलब्ध नहीं है, कृपया इसकी व्यवस्था किया जाए **।**<br>अस्पतालों में जांच एवं इलाज की उचित व्यवस्थाएं कराई जाए। | PCMS |
| 27. | प्लान्ट डिपो का आधुनिकीकरण एवं मशीनीकरण हो रहा है परन्तु फिर भी इसके संचालन का कार्य बाहरी एजेंसी को दिया जा रहा है जो कि रेल कर्मचारियों के हित में नहीं है। रेल कर्मचारियों की नियुक्ति के साथ कारखाना का लगातार संचालन सुनिश्चित किया जाए। | PCE<br>PCPO |
| 28. | सरकारी कर्मियों के लिए लाये गए UPS गजट में कई खामियों हैं। यह पूर्व में लाये गये NPS से भी खराब है। अतः NPS/UPS के बजाय पुरानी पेंशन योजना OPS को मंजूरी देने की व्यवस्था करें। | PCPO |
| 29. | साधारण ट्रेनों में बहुत भीड़ हो रही है इसको काम करने के लिए कोरोना कल के पहले जो ट्रेनों का संचालन होता था और जो वर्तमान में नहीं चल रही है उन्हें पुनः चलाई जाने की आवश्यकता है।साथ ही साथ जिन स्टेशनों पर कोरोना काल के पहले ठहराव दिया गया था वर्तमान में ठहराव हटा दिया गया है। उन्हें पुन ठहराव देने की आवश्यकता है। साधारण दर्जे के कोच बढ़ाने और स्लीपर के कोच बढ़ाने से भी भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 30. | गाड़ियों में वेटिंग सूचि बहुत लंबी आती है। जब भी कोई पैसेंजर रिजर्वेशन कराने जाता है तो उसको वेटिंग दिखता है। लेकिन स्थानीय ब्रोकर उसी दिन की गाड़ी में सीट उसी दिन वेटिंग के बाद भी सीट उपलब्ध करा देता है। | PCSC<br>PCCM |
| 31. | गाड़ियों में खाने की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती है। रेलवे में साफ सफाई भी ठीक नहीं रहती है। यात्रियों को मिलने वाले चादर तकिया सब गंदे रहते हैं। | PCCM<br>PCME |
| 32. | रेलवे में निजीकरण क्यों किया जा रहा है। पहले की व्यवस्था ज्यादा अच्छी थी। अतः आउटसोर्सिंग को कम करके स्थाई भर्ती पर ध्यान दिया जाए। | PCPO |
| 33. | अंडर पास जो बनाए गए हैं उसमें बरसात में पानी भर जाता है। वे किसी काम के नहीं रहते हैं। उसके लिए कुछ व्यवस्था किया जाए। | PCE |
| 34. | सेमराव स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन था लेकिन अभी इसको ढहा दिया गया है। इसको कब तक सही किया जाएगा। | PCE |
| 35. | आरा स्टेशन पर कुंवर सिंह जी की मूर्ति तैयार है। लेकिन अभी तक ढकी हुई है। इसका जल्द से जल्द अनावरण कराया जाए। | PCE |
| 36. | शौचालय की सुविधा मान सम्मान के साथ जुड़ी हुई है।अतः स्टेशनों पर शौचालय की उचित व्यवस्था करवाई जाए। | PCE |
| 37. | आमजन को सुविधा बढ़ाई जाए, मूल सुविधाओं की कमी है, उसे बढ़ाया जाए रेल कर्मचारियों की भी सुविधाएं बढ़ाई जाए जिससे बेहतर काम कर सके। | PCE<br>PCPO |

* * * * *

# 4. श्री राजाराम सिंह, माननीय सांसद काराकाट

| क्रं. सं. | मद | संबंधित अधिकारी |
|---|---|---|
| **1.** | **बनकोड, रोहतास, भूमि अधिग्रहण विवादः** | |
| 1.1 | ग्रामीणों ने पहलेजा जाने के लिए महंगे दाम पर जमीन खरीदकर रास्ता बनाया था, जो वर्षों से सार्वजनिक आवागमन में उपयोग हो रहा था। रेलवे ने उस पूरी जमीन का अधिग्रहण कर लिया, जिससे रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है। यहाँ वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। | CAO/CON<br>PCE |
| **2.** | **सोननगर (बारुण) सिंगल लेन अंडरपासः** | |
| 2.1 | सोन नगर में पुरानी रेल लाइन के नीचे सिंगल अंडरपास है जिससे हमेशा जाम लगा रहता है इसको डबल करने की जरूरत है। डबल लेन किया जाए या नया अंडरपास बनाया जाए। | CAO/CON<br>PCE |
| **3** | **अंकोरहा स्टेशन** : | |
| 3.1 | अंकोरहा स्टेशन पर उसका नेचर बदल गया है । वहां दो-दो एनटीपीसी लगा हुआ है। कर्मचारियों और अधिकारियों के आवागमन के लिए तथा अन्य यात्रियों की सुविधाओं के लिए सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव जरूरी है। यात्री सुविधाए भी बढ़ाई जाएं। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 3.2 | अंकोरहा स्टेशन पर एक फ्लाईओवर की भी मांग है जिससे कि स्कूली बच्चे जो घंटों जाम में फस जाते हैं उससे निजात मिले। | CAO/CON<br>PCE |
| **4** | **डिहरी-मकराइन ओवरब्रिजः** | |
| 4.1 | क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत या पुनर्निर्माण शीघ्र किया जाए। | CAO/CON<br>PCE |
| **5** | **डेहरी ऑन सोन (DOS) स्टेशन का विकासः** | |
| 5.1 | नया दक्षिण-पश्चिम प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, डॉर्मिट्री की व्यवस्था हो<br>प्लेटफार्म 1 और 6 की लंबाई बढ़े<br>प्लेटफार्म 7 और 8 का निर्माण हो<br>सभी प्लेटफार्म पर शेड और बैठने की व्यवस्था<br>एस्केलेटर और लिफ्ट लगे<br>प्लेटफार्म 1 और 5 पर वाटरिंग सिस्टम लग<br>डालमियानगर प्रवेश के तरफ भी शौचालय, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, लिफ्ट, पार्किंग बने<br>कोच वाशिंग प्लांट लगे | CAO/CON<br>PCE |
| **6** | **सासाराम - आरा रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव** | |
| 6.1 | समहुता, घोसियाँ कला और अन्य प्रमुख गाँव जो रूट में पड़ते हैं वहां पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव हो। | CPTM |
| **7** | **निम्नलिखित ट्रेनों के डेहरी ऑन सोन पर ठहराव की मांगः** | |
| 7.1 | 11427/28 पुणे-जसीडीह एक्सप्रेस<br>22499/500 वाराणसी-देवघर वंदे भारत<br>12937/38 हावड़ा-गांधीधाम<br>12357/58 कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना<br>12349/50 गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर<br>12323/24 हावड़ा-बाड़मेर<br>20887/88 वाराणसी-रांची वंदे भारत<br>12371/72 हावड़ा-जैसलमेर | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 8. | आपके द्वारा दिए हुए प्रेजेंटेशन से पता चलता है कि यात्रियों से प्राप्त होने वाला भाड़ा ही रेल की आय का मुख्य लाभ है । परंतु यात्रियों को उस अनुपात में सुविधा नहीं मिलती। यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई जाने की आवश्यकता है । | PCE<br>PCCM |
| 9. | डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराव सासाराम स्टेशन से कम है। जबकि डेहरी ऑन सोन पर फुटफाल और रेवेन्यू सासाराम स्टेशन से ज्यादा है। | CPTM |
| 10. | इस्माइलपुर स्टेशन के पूर्व में एक नहर है उसके एलाइनमेंट में एक अंडर पास ही या गुमटी की जरूरत है। | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | किस ग्रेड के स्टेशन में क्या सुविधा दी जा रही है वह बताई जाए। पश्चिम बंगाल और साउथ के स्टेशनों पर मैंने कम्पेरेटिव देखा है कि छोटे स्टेशनों पर भी सुविधा ज्यादा है और डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर वैसी सुविधा उपलब्ध नहीं है | PCE<br>PCCM |
| 12. | गया मुगलसराय और गया पटना के बीच नई ट्रेनों की आवश्यकता है। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 13. | कोरोना काल के पहले के ट्रेनों की ठहराव करने में क्या दिक्कत है । स्टेशनों पर कोरोना के पूर्व की तरह गाड़ियों का ठहराव प्रदान किया जाए। | CPTM |
| 14. | घोसियां कलान और चनका हाल्ट पर मेमू ट्रेन का ठहराव दिया जाना चाहिए। | CPTM |

******

| 5. श्री मनोज कुमार, माननीय सांसद, सासाराम लोकसभा क्षेत्र | | |
|---|---|---|
| **क्रं. सं.** | **मद** | **संबंधित अधिकारी** |
| | **भभुआ रोड रेलवे स्टेशन** | |
| 1. | रिजर्वेशन काउन्टर को सुबह 8 बजे में रात्रि 12 बजे तक चालू रखा जाए। | PCCM |
| 2. | डाउन साइड में पूर्व से टिकट काउन्टर था, जो अब बन्द हो गया है उसे चालू कराया जाए। | PCCM |
| 3. | पूर्व रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद जी द्वारा भभुआ रोड से मण्डेश्वरी तक रेलवे विस्तार का शिल्यानाश किया गया था एवं एन० डी० ए० सरकार के ततकालीन रेल मंत्री श्री मनोज सिन्हा द्वारा प्रस्तावित भभुआ रोड़ आरा रेल लाईन एवं दिलदार नगर से भभुआ रोड को रेल में जोड़ने कि बात कही गई थी। जिसका कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ। | CAO/CON |
| 4. | डेहरी बरकाकाना पैंसेजर जो 11 बजे दिन में डेहरी पहुंच कर खड़ी रहती है और शाम 6 बजे बरकाकाना के लिए खुलती है उसका विस्तार भभुआ रोड तक किए जाए। | CPTM |
| 5. | भभुआ रोड़ स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव किया जाए:<br>12938-UP/12937-DN<br>/गरवा एक्प्रेस/हावडा-गांधी धाम<br>12353-UP/12354-DN/<br>लाल कुआँ एक्सप्रेस<br>12357-UP/12358-DN/<br>दुर्गेना एक्सप्रेस/अमृतसर-कोलकता<br>12496-UP/12495-DN<br>प्रताप एक्सप्रेस/कोलकता – बिकानेर<br>12371-UP/12372-DN/<br>बिकानेर एक्सप्रेस/हावड़ा-विकानेर<br>15021-UP/15022-DN/<br>गोरखपुर एक्सप्रेस/शालीमार-गोरखपुर<br>13167-UP/13168-DN/<br>आगरा कैंट एक्सप्रेस/कोलकता-आगरा<br>22323-UP/22324-DN/<br>शब्दभेदी एक्सप्रेस/कोलकता-गाजीपुर<br>12815-UP/12816-DN/<br>नन्दन कानन एक्सप्रेस/पुरी-आनंद विहार<br>12319-UP/12320-DN/<br>आगरा कैंट एक्सप्रेस/ कोलकता-आगरा | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 6. | भभुआ रोड स्टेशन पर नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12301 और 12302) का ठहराव प्रदान किया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 7. | **सासाराम लोकसभा क्षेत्र के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के पास रेल पुल के फलाईओवर/फुटओवर ब्रिज** का जो भभुआ रोड स्टेशन से *दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा बड़गद के पेड़ के सामने ग्राम-मुहल्ला उसरा डड़वा, वार्ड न0-03, में* लगभग 300 (तीन सौ) घरों की बस्ति है। सभी मुहल्ला वासियों को रेल पटरी पार कर के सभी प्रकार के कार्यो के लिए मोहनियाँ बाजार जाना पडता है छोटे-छोटे बच्चे को भी पढ़ने के लिए विधालय रेलवे लाईन पार कर के जाना पड़ता हैं। रेलवे लाईन जिस पर सभी प्रकार के मेल रेलगाड़ी (Mail Train) का आवागमन हमेशा रहता है एवं कई बार वहाँ के स्थानीय लोग रेलगाडी के चपेट में आने के कारण मृत्यु हो गयी है। और रेलवे टिकट के लिए रेल पटरी पार कर के भभुआ रोड स्टेशन पर जाना पड़ता हैं। वहाँ के स्थानीय लोगों के बीच हमेशा डर बना रहता है कि कहीं दुर्घटना हो न जाए। अतः उपरोक्त रेल पुल के फलाई ओभर ब्रिज का निर्माण कार्य करवाने की कृपा करें। | PCE |
| 8. | पहलेजा, करवन्दिया, कुम्हऊ, खुर्मबाद, शिवसागर, कुदरा, पुसौली, मुठानी, धनेछा एवं दुर्गावती रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त स्टेशन के रूप में विकसित करने हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की कृपा करें। | PCE<br>CAO/CON |
| | स्टेशन तक पहुंच को सुगम एवं सुलभ बनाना | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रतीक्षालयों का आधुनिकीकरण एवं विस्तार | |
| | स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालय सुविधाएं | |
| | लिफ्ट एवं एस्केलेटर की स्थापना | |
| | स्टेशन परिसर में समुचित स्वच्छता व्यवस्था | |
| | निःशुल्क वाई-फाई की उपलब्धता | |
| | उन्नत यात्री सूचना प्रणाली | |
| | रेल पुल पर फलाईओभर/फुटओवर ब्रिज का निर्माण | |
| | स्टेशन परिसर का समुचित भूनिर्माण | |
| | दिव्यांगजनों हेतु विशेष सुविधाएं | |
| 9. | अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भभुआ रोड, डेहरी ऑन सोन एवं सासाराम रेलवे स्टेशनों पर प्रस्तावित कार्यों के शीघ्र निष्पादन हेतु । | PCE CAO/CON |
| | स्टेशन तक पहुंच को सुगम एवं सुलभ बनाना | |
| | प्रतीक्षालयों का आधुनिकीकरण एवं विस्तार | |
| | स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालय सुविधाएं | |
| | लिफ्ट एवं एस्केलेटर की स्थापना | |
| | स्टेशन परिसर में समुचित स्वच्छता व्यवस्था | |
| | निःशुल्क वाई-फाई की उपलब्धता | |
| | 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्थानीय उत्पादों हेतु कियोस्क की स्थापना | |
| | उन्नत यात्री सूचना प्रणाली | |
| | रेल पुल पर फलाईओवर/फुटओवर ब्रिज का निर्माण | |
| | कार्यकारी लाउंज एवं व्यावसायिक बैठकों हेतु समर्पित स्थान | |
| | स्टेशन परिसर का समुचित भूनिर्माण | |
| | दिव्यांगजनों हेतु विशेष सुविधाएं | |
| | टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीकी समाधान | |
| | गिट्टी रहित ट्रैक का निर्माण | |
| | रूफ प्लाजा जैसी आधुनिक संरचनाओं की स्थापना (जहां आवश्यक हो) | |
| | स्टेशन को आसपास के शहरी क्षेत्रों से जोड़ते हुए मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को प्रोत्साहन | |
| 10. | सासाराम भभुआ, कुदरा व पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बाबत आपको क्या क्या कमियाँ नजर आयी और आपके द्वारा उसपर क्या सुधार किया गया। | PCE CAO/CON |
| 11. | सासाराम भभुआ, कुदरा व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भीषण गर्मी में यात्रियों के पीने के पानी हेतु सुविधा के तौर पर क्या क्या सुधार किया जा रहा है। और क्या-क्या अभी तक हुआ है। | PCE CAO/CON |
| 12. | सासाराम में इन्ट्री बुकिंग व रिजर्वेशन की सुविधा का अभी तक क्यों नहीं उद्घाटन कराया गया। | PCCM |
| 13. | सासाराम में स्वचलित सीढ़ी का काम जल्द से जल्द समाप्त कर उसका उद्घाटन कराने का कार्य किया जाय। | PCEE |
| 14. | सासाराम में प्लेटफार्म नं0- 3,4 व 6,7 पर लिफ्ट का कार्य पुरा होने के बावजूद भी अभी तक उसका उद्घाटन क्यों नहीं हुआ । | PCEE PCE |
| 15. | सासाराम, भभुआ व कुदरा का सकुर्लेटिंग एरिया का विकास कार्य जल्द से जल्द कराया जाय ताकि यात्रियों का कोई असुविधा न हो जाय। | PCE CAO/CON |
| 16. | रेलवे स्टेशन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के आर०पी०एफ० व जी०आर०पी० के सिपाहियों व अधिकारियों के मीलिभगत से बिहार जाने वाली गाड़ियों में शराब की तस्करी धडल्ले से की जा रही है उसपर कार्यवाही व सुधार कब तक होगा । | PCSC |
| 17. | सासाराम भभुआ, कुदरा व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन यात्रियों के गाड़ी में पैसेन्जरों को किन्नरों द्वारा अवैध रूप से धन वसुली का कार्य किया जा रहा है। इस पर कार्यवाही कब तक की जायेगी। | PCSC |
| 18. | रेलवे स्टेशन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रेल परिसर में गन्दगी व कुड़ा भण्डारण से बिमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है इस पर कार्यवाही कब तक होगी? | PCME |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | रेलवे स्टेशन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन गेट नं0-1 व 2 के सामने व बगल में अवैध रूप से फोर व्हीलर व मोटर साईकिल खड़ा होने से जाम की समस्या हो रही है उसका निवारण कब तक होगा। | PCSC |
| 20. | रेलवे स्टेशन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर रेल नीर की जगह बगैर परमीशन के लोकल पानी का प्लेटफार्म से लेकर ट्रेनों में भेण्डरों द्वारा किसके परमिशन से विक्रय किया जा रहा है इस पर कब तक रोक लगेगी। | PCCM |
| 21. | रेलवे स्टेशन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रिजर्वेशन काउन्टर पर रिजर्वेशन कैडर के स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति न होने से यात्रियों को काफी परेशानियाँ व रेलवे को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। | PCCM<br>PCPO |
| 22. | अमृत भारत स्टेशन का काम भभुआ, सासाराम व कुदरा में जल्द से जल्द कार्य को समाप्त किया जाय। | PCE<br>CAO/CON |
| 23. | रेलवे स्टेशन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के पहले एस०सी०/एस०टी० कार्यालय में डा० भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के उपर छत ढलवाकर सुन्दरीकरण करवाने का कार्य करें। | PCE |
| 24. | अमृत भारत का उद्घाटन 2023 में हुआ । यह कब पूरा होगा । कोई टाइमलाइन है ? अमृत भारत के निर्माण के क्रम में सारा इंफ्रास्ट्रक्चर तोड़ दिया गया है बेसिक मूलभूत सुविधाएं टॉयलेट, पीने का पानी, बिल्डिंग शिफ्टिंग जैसी सुविधाएं कब तक होंगी। | PCE<br>CAO/CON |
| 25. | हम लोगों को निर्वाचित हुए एक साल हो गए इस 1 साल में बहुत से ओवर ब्रिज बने अन्य भी काम रेल में हुए लेकिन हमें सूचना नहीं दी गई एक का भी उद्घाटन हम लोग के द्वारा नहीं कराया गया ना हमारा कहीं नेम प्लेट तक नहीं लगा। | PCE<br>CAO/CON |
| 26. | भिटी गांव में FOB का कार्य स्वीकृत है लेकिन अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। भिटी एक बड़ा गांव है । गांव के दोनों तरफ से दीवार बना दी गई है ।इस तरफ से उसे तरफ जाने के लिए अभी तक FOB नही बना है, जिससे लोगो का आवागमन प्रभावित हो रहा है। | PCE<br>CAO/CON |
| 27. | डीडीयू स्टेशन पर एस्केलेटर रात में हमेशा ही बंद रहता है। | PCEE |
| 28. | पुसौली स्टेशन पर एक बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाए। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 29. | सासाराम में कम से कम एक राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया जाना आवश्यक है। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 30. | कुदरा में ओवर ब्रिज बंद है। पिलर बना दिया गया है । आगे कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो रहा है । स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। | PCE<br>CAO/CON |

******

| 6. श्रीमती साधना सिंह, माननीया सांसद (राज्यसभा) | | |
|---|---|---|
| **क्रं. सं.** | **मद** | **संबंधित अधिकारी** |
| **1.** | मुगलसराय (डीडीयू) से फैजाबाद (अयोध्या धाम) ट्रेन संख्या 54109/54110 पैसेंजर ट्रेन जो कोराना काल से बंद कर दी गई है। उक्त ट्रेन का संचालन बंद हो जाने से गरीब तथा मध्यम वर्ग के आम नागरिक छात्र तथा किसानों को काफि असुविधा हो रही है। साथ ही साथ ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में चंदौली संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रभु श्री राम के दर्शन करने हेतु अयोध्या धाम के लिए कोई भी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन नहीं है इस परिप्रेक्ष में भी यह अति आवश्यक है। इसके साथ ही रेल राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| **2.** | चंदौली जिला मुख्यालय है, लेकिन चंदौली मझवार स्टेशन पर मुख्यालय के अनुरूप सुविधाओं का विकास नहीं हुआ है। | PCE<br>CAO/CON |
| **3.** | चंदौली स्टेशन पर रिजर्वेशन टिकट काउंटर 2:00 बजे तक चलता है इसे बढ़ाकर कम से कम 8:00 बजे तक किया जाना चाहिए। | PCCM |
| **4.** | पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर उतरने/चढ़ने के लिए एक ही मार्ग है जो कि भीड़ बढ़ने पर बहुत कन्जेस्टेड हो जाता है। कुंभ के समय हम लोगों ने देखा बहुत समस्याएं आ रही थी। अतः उतरने और चढ़ने के लिए अलग मार्ग बनाया जाने की आवश्यकता है। | PCE |
| **5.** | डीडीयू स्टेशन पर कुछ भवन बहुत जर्जर स्थिति में है इन पुराने जर्जर को सुधारा जाए । डीडीयू रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर भी बहुत जर्जर अवस्था में है उसके भी मरम्मत की आवश्यकता है | PCE |
| **6.** | डीडीयू स्टेशन के आसपास जमीन बहुत है, लेकिन वह सब अवैध कब्जे में है। अवैध कब्जे हटा करके उसके व्यावसायिक उपयोग जैसे लॉन आदि के निर्माण के लिए सुनिश्चित किया जाए। | PCE<br>PCSC<br>PCCM |
| **7.** | इंडियन आयल के बाउंड्री के पास रेलवे की बहुत जमीन है वहां पर बरसात में घुटनों तक पानी रहता है आसपास के गांव वालों को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है जल निकासी के लिए कुछ व्यवस्था करना अनिवार्य है। | PCE |
| **8.** | महाबोधि एक्सप्रेस का चंदौली मझवार स्टेशन पर ठहराव बहुत जरूरी है क्योंकि यह जिला मुख्यालय है। और वहां से बहुत से लोग नई दिल्ली जाते हैं। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |

| 7. श्री विष्णु दयाल राम, माननीय सांसद, पलामू लोकसभा क्षेत्र<br>(पत्र सं. 560/DTO, दिनांक: 15.06.2025) | | |
|---|---|---|
| **क्रं. सं.** | **मद** | **संबंधित अधिकारी** |
| 1. | डाली-हैदरनगर प्रखण्ड के ROB निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? | PCE, CAO/C |
| 2. | कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड के LHS निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? | PCE, CAO/C |
| 3. | लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड के ROB निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? | PCE, CAO/C |
| 4. | बेगमपुरा मोहम्मदगंज प्रखण्ड के ROB निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? | PCE, CAO/C |
| 5. | सतबहिनी उंटारी रोड प्रखण्ड के ROB निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? | PCE, CAO/C |
| 6. | बहेरा-हैदरनगर प्रखण्ड के ROB निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? | PCE, CAO/C |
| 7. | हैदरनगर में LC No. -50 रेलवे गुमटी के पास ROB का निर्माण। | PCE, CAO/C |
| 8. | जपला ओवर ब्रिज बनाने का उद्देश्य सफल नहीं हो रहा है । ROB का अप्रोच का निर्माण नही होने से उक्त ROB पर सुचारू रूप से आवागमन शुरू नही हो पा रहा है। इस संदर्भ में राज्य सरकार को भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध की जाए ताकि राज्य सरकार से समन्वय किया जाए सके। | PCE, CAO/C |
| 9. | उंटारी रोड़ LC No.-63 गेट अन्डर पास फाटक के आगे जो हाईट गेज लगा हुआ है वह ज्यादा Down होने से स्कूली बसों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। | PCE, CAO/C |
| 10. | अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशन मोहम्मदगंज, जपला एवं हैदरनगर पर निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है? | PCE, CAO/C |
| 11. | रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 में यात्रियों की काफी संख्या होने के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए कम से कम तीन जनरल और एक AC कोच बढ़ा दिया जाए । | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 12. | रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18611/18612 में यात्रियों की संख्या को देखते हुए कम से कम तीन जनरल और एक AC कोच बढ़ा दिया जाए एवं इसे लखनऊ तक विस्तारित किया जाय। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 13. | गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877 / 12878 का मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाए । | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 14. | पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले पालमू जिला के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी हेतु कौन-कौन सी योजनाए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत है उक्त योजनाओं की अद्ययतन स्थिति की जानकारी। | PCE, CAO/C |
| 15. | गया शेरघाटी इमामगंज डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की अद्ययतन स्थिति क्या है? | CAO/C |
| 16. | वन्दे भारत ट्रेन को रांची से लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलायी जाय। | CPTM |
| 17. | सभी कार्यों को एक निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के लिए कार्यों का एक टाइम लाइन मेंटेन किया जाना चाहिए। | PCE, CAO/C |
| 18. | गाड़ियों की Punctuality संतोषजनक नहीं है। originating और destination स्टेशन पर तो punctuality का विशेष ध्यान दिया जाता है लेकिन mid section की इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। | CPTM |
| 19. | साधारण क्लास के डब्बे के यात्रियों के लिए यात्रा को आराम देय बनाए जाने की आवश्यकता है। | PCME |
| 20. | टॉयलेट की सुविधा सभी स्टेशनों पर होनी चाहिए। | PCE, CAO/C |
| 21. | LHS का डिजाइन ठीक नहीं है । बरसात में यह किसी उपयोग के लायक नहीं रह जाता इसमें इतना पानी भर जाता है वह किसी काम नहीं आता है। इसके लिए एक प्रॉपर ड्रेनेज आउट प्लान भी होना चाहिए। | PCE |
| 22. | RVNL के थर्ड लाइन के कार्यक्रम में सभी स्टेशनों पर FOB बनना है या नहीं इस संबंध में बताया जाए। बहुत से स्टेशनों पर बच्चों को स्कूल जाने के लिए लाइन क्रॉस करके जाना पड़ता है अतः FOB बहुत जरूरी है। | PCE |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | हाई स्पीड कॉरिडोर में दोनों तरफ बाउंड्री बनाने से जो गांव दो भागों में बंट जा रहे हैं इसके निराकरण के लिए साइट सर्वे के आधार पर Policy का निर्धारण कर निर्णय लिया जाना चाहिए। | PCE, CAO/C |
| 24. | डाल्टेनगंज से धनबाद के लिए शक्तिपुंज के अलावा कोई गाड़ी नहीं है। साउथ सेंट्रल रेलवे की ट्रेनों पर भी सुविधा बढ़ाने की जरूरत है। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 25. | मेरे संसदीय क्षेत्र से नॉर्थ बिहार से सीधी कोई गाड़ी नहीं है। रक्सौल से रांची चलने वाली गाड़ी का रुट इस तरह से डिफाइन किया जाए जिससे जपला और हैदर नगर होकर के जाए | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 26. | रांची गोरखपुर का भी वैकल्पिक रूट 1 दिन मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर के जाए | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 27. | धनबाद से एलटीटी के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेन का डिस्कंटीन्यूड होने वाली है डाल्टेनगंज से मुंबई के लिए कोई ट्रेन नहीं है अत इस ट्रेन का परिचालन निरंतर रखा जाए | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |

* * * * * * *

| 8. श्री संजय कुमार/प्रतिनिधि - माननीय सांसद, औरंगाबाद | | |
|---|---|---|
| माननीय सांसद का पत्र सं. 278/2025, दिनांक: 24.06.2025 | | |
| **क्रं. सं.** | **मद** | **संबंधित अधिकारी** |
| **1** | **कष्ठा स्टेशन** | |
| 1.1 | हाई लेवल प्लेटफार्म का निर्माण। | PCE |
| 1.2 | फूट ओवर ब्रिज से अप प्लेटफॉर्म पर उतरने के लिए सीढ़ी का निर्माण । | PCE |
| 1.3 | शीतल पेय जल की सुविधा उपलब्ध करायी जाय । | PCEE |
| 1.4 | मुख्य पथ से स्टेशन तक सम्पर्क पथ निर्माण । | PCE |
| **2.** | **परैया स्टेशन** | |
| 2.1 | प्लेटफॉर्म नं 2 पर उतरने के लिए फूट ओवर ब्रिज की स्लोप या सीढ़ी का निर्माण । | PCE |
| 2.2 | स्टेशन तक आने के लिए पहुंच पथ का निर्माण है। | PCE |
| **3.** | **गुरारु स्टेशन** | |
| 3.1 | अप एवं डाउन प्लेटफॉर्म पर शेड का निर्माण । | PCE<br>CAO/CON |
| 3.2 | फूट ओवर ब्रिज के ऊपर शेड का निर्माण । | |
| 3.3 | डाउन प्लेटफॉर्म पर शीतल पेय जल की व्यवस्था । | |
| 3.4 | वर्तमान शेड में पंखे की कमी। | |
| 3.5 | सर्कुलेटिंग एरिया में लाईट की कमी । | |
| 3.6 | विशिष्ट कक्ष का निर्माण । | |
| 3.7 | डाउन प्लेटफॉर्म पर शौचालय का निर्माण । | |
| **4.** | **इस्माईलपुर स्टेशन** | |
| 4.1 | हाईलेवल प्लेटफ़ॉर्म (अप एवं डाउन दोनो) का निर्माण । | PCE |
| 4.2 | फूट ओवर ब्रिज का निर्माण अधूरा है जल्द पूरा किया जाय। | PCE |
| 4.3 | डाउन प्लेटफॉर्म पर शौचालय एवं यात्री शेड का निर्माण । | PCE |
| 4.4 | स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर शीतल पेय जल की सुविधा उपलब्ध करायी जाय । | PCEE |
| 4.5 | निर्माणाधीन आर० ओ० बी० से गुमटी के पार उतरने के लिए स्लोप या सीढ़ी का निर्माण । | PCE |
| 4.6 | इस्माईलपुर बाजार के पास समपार गुमटी का निर्माण । | PCOM, PCE |
| **5.** | **रफीगंज स्टेशन** | |
| 5.1 | 19 नं0 गेट चरकावाँ समपार गुमटी के पास आर० ओ० बी० से गुमटी के पार उतरने के लिए स्लोप या सीढ़ी का निर्माण । | PCE |
| 5.2 | तिवारी बिगहा - महाराजगंज पथ मेआर०ओ०बी० या समपार गुमटी का निर्माण । | PCE, CAO/C |
| 5.3 | नए फूट ओवर ब्रिज में चार राउंड में स्लोप बनाया गया है दूसरी तरफ सीढ़ी का निर्माण भी होना चाहिए। | PCE |
| **6.** | **देव रोड स्टेशन** | |
| 6.1 | हाईलेवल प्लेटफॉर्म (अप एवं डाउन दोनो) का निर्माण | PCE |
| **7.** | **जाखिम स्टेशन -** | |
| 7.1 | अप प्लेटफॉर्म पर यात्री शेड का निर्माण एवं छुटे हुए प्लेटफॉर्म पक्कीकरण कार्य को पुरा किया जाय । | PCE |
| 7.2 | स्टेशन पर शीतल पेय जल की सुविधा उपलब्ध करायी जाय । | |
| **8.** | **बघोई कुशा स्टेशन** | |
| 8.1 | फूट ओवर ब्रिज का निर्माण । | PCE |
| 8.2 | शौचालय, यात्री शेड, एवं हाईलेवल प्लेटफॉर्म (अप एवं डाउन दोनों) का निर्माण । | |
| 8.3 | प्लेटफॉर्म की लम्बाई (अप एवं डाउन दोनों) बढ़ाई जाय । | |
| **9.** | **रामगोविंद सिंह हाल्ट**<br>फूट ओवर ब्रिज का निर्माण एवं हाईलेवल प्लेटफ़ॉर्म (अप एवं डाउन दोनो) का निर्माण । | PCE |
| **10.** | **फेसर स्टेशन** | |

| | | |
|---|---|---|
| 10.1 | आरक्षण काउंटर का निर्माण । | PCCM |
| 10.2 | डाउन प्लेटफॉर्म पर यात्री शेड का निर्माण। | PCE |
| 10.3 | स्टेशन परिसर की घेराबंदी । | PCE |
| 10.4 | अप एवं डाउन महाबोधी एक्सप्रेस का ठहराव । | CPTM |
| **11.** | **देवरिया कुढ़माना नरेश हाल्ट** | |
| 11.1 | फूट ओवर ब्रिज का निर्माण | PCE |
| 11.2 | हाईलेवल प्लेटफ़ॉर्म (अप एवं डाउन दोनो) का निर्माण । | |
| **12.** | **अनुग्रह नारायण रोड** | |
| 12.1 | वातानुकुलित प्रतिक्षालय का निर्माण लम्बित है। | PCE, CAO/C |
| 2.2 | विशिष्ट कक्ष का निर्माण लम्बित है। | |
| 12.3 | प्लेटफॉर्म पर लम्बा यात्री शेड का निर्माण । | |
| 12.4 | यात्रियों को बैठने के लिए स्टील चेयर । | |
| 12.5 | डाउन प्लेटफॉर्म पर लिफ्ट का निर्माण । | |
| 12.6 | एक्सिलेरेटर का निर्माण । | |
| 12.7 | यूरीनल एवं शौचालय को जल्द चालू कराया जाय। | |
| 12.8 | स्टेशन परिसर को व्यवस्थित किया जाय । | |
| 12.9 | ऑटो स्टैंड को नियत जगह देकर व्यवस्थित किया जाय। | PCCM |
| 12.10 | गया - अयोध्या वंदे भारत एक्स्प्रेस (अप एवं डाउन) का ठहराव । | CPTM |
| 12.11 | सियालदह राजधानी (अप एवं डाउन) का नियमित ठहराव । | PCOM<br>PCCM |
| **प्रतिनिधि श्री संजय कुमार द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त मद** | | |
| 1. | रफीगंज चकराता के पास गोमती पर आर.ओ.बी. का निर्माण हुआ है। उसके नीचे ब्लॉक कार्यालय है । इसमें एक तरफ से तो रास्ता है लेकिन दूसरी तरफ से यह काफी लंबा हो जाता है । अतः वहां एक सीढ़ी निर्माण की आवश्यकता है। | PCE, CAO/C |
| 2. | परैया-गुरारू-कष्ठा के बीच कई रास्ते हैं, जो विभिन्न गांवों को जोड़ते हैं । रास्ता बंद हो जाने पर आवागमन में कठिनाई होती है । इस संबंध में ROB/LHS जो भी हो उसका निर्माण कराया जाए। | PCE, CAO/C |

* * * * * * *

| 9. श्री राजेश कुमार पाण्डेय/प्रतिनिधि माननीय सांसद गया लोकसभा | | |
|---|---|---|
| माननीय केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद, गया का पत्र दिनांक: 25.06.2025 | | |
| क्रं. सं. | मद | संबंधित अधिकारी |
| 1 | गया जी से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन सेवा बहाल करने। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 2 | कोरोना काल से बंद गया जी जंक्शन से रात 10 बजे पटना के लिए चलने वाली मेमू ट्रेन का परिचालन बहाल किया जाए । | |
| 3 | गयाजी जंक्शन से शाम 4:00 बजे धनबाद के लिए पैसेंजर ट्रेन की सुविधा बढ़ाने की जरूरत। गया-धनबाद सेक्शन पर मात्र दो पैसेंजर की सुविधा। शाम चार बजे चलने से लोगो को बड़ी सहूलियत मिलेगी । | |
| 4 | गया-चेन्नई साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन बारम्बारता बढाने। प्रत्येक रविवार को तीन से छह सौ यात्री ट्रेन में सवार होने से वंचित रह जा रहे है। | |
| 5 | गया से शाम करीब 3:00 बजे हावड़ा के लिए चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का समय में परिवर्तन कर इसे रात 10 बजे रात्रि में परिचालन करने की सुविधा देने। | |
| 6 | यात्री हित और रेल हित को ध्यान में रखते हुए गया जंक्शन व अन्य स्टेशनों पर वर्षों जमे स्टेशन मास्टर सहित अन्य संवेदनशील पदों पर नियुक्त कर्मियों का स्थानांतरण करने। | PCPO |
| 7 | गया जंक्शन के बाहरी परिसर में भी यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने। | PCE |
| 8 | गया जी से होकर लंबी दूरी के लिए चलने वाली एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों में सीटों का यात्री कोटा बढ़ाने। | PCCM |
| 9 | अमृत स्टेशन योजना के तहत गुरारू स्टेशन के कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने। | PCE, CAO/C |
| 10 | गया जंक्शन परिसर सहित गया-डीडीयू सेक्शन के स्टेशनों के बाहरी परिसर में अवैध तरीके से लग रहे दुकानों को बंद कर टेंडर के तहत किराए पर दुकान की सुविधा उपलब्ध कराने। | PCSC<br>PCCM |
| 11 | गया जंक्शन के एक नम्बर रेल गुमटी पर लोगो को आने-जाने की सुविधा के लिए ओवरब्रिज का निर्माण करने। | PCE, CAO/C |
| 12 | गया के बागेश्वरी रेल फाटक पर प्रस्तावित आरओबी का निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने। | PCE, CAO/C |
| 13 | मानपुर स्टेशन पर यात्री शेड व फुट ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य पिछले कई वर्षों से लंबित है उसे चालू कराकर यात्री सुविधा बहाल करने। | PCE, CAO/C |
| 14 | 13305 (UP) धनबाद से सासाराम तक गया स्टेशन पर सुबह 09:30-09:35 पर रुकती है और दोपहर में सासाराम पहुंचती है। 13306 (DOWN) सासाराम से 15:50 बजे खुलकर गया स्टेशन पर 18:00-18:05 पर रुकती है। उक्त समय के तहत यदि भभुआ रोड तक बढ़ाया जाए तो यात्रियों को गया तक बेहतर और समुचित विकल्प मिलेगा। | CPTM |
| 15 | ट्रेन संख्या-63372 है जो शाम के समय में सासाराम जंक्शन से केवल आरा जंक्शन तक जाती है। यदि उस ट्रेन का परिचालन विस्तार पटना जंक्शन तक हो जाता है तो भभुआ-सासाराम-आरा जिला सहित शाहाबाद क्षेत्र के लिए जनहित में अच्छा रहेगा। | CPTM |
| 16 | सासाराम जंक्शन से दिल्ली जंक्शन तक एक नई ट्रेन का परिचालन किया जाए। | CPTM |
| 17 | सासाराम जंक्शन से पटना जंक्शन तक शाम के समय में एक नई ट्रेन का परिचालन किया जाए। | CPTM |
| 18 | 18. मुगलसराय-गढ़वा रेल खण्ड के बड़वी सलैया रेलवे स्टेशन पर (जिला-औरंगाबाद) पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों का कोरोना काल के बाद ठहराव बंद हो गया है। पुनः ठहराव कराया जाए:-<br>i. 18611/18612 राँची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस।<br>ii. 18311/18312 विशाखापटनम-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस।<br>iii. 13349/13350 सिंगरौली एक्सप्रेस।<br>iv. 13347/13348 पलामू एक्सप्रेस।<br>V. 15635/15636 सासाराम राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस। | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| प्रतिनिधि श्री राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त मद | | |
| 1. | गया मुगलसराय रूट पर डीएफसीसीआईएल की वजह से एफसीआई के पास एक गुमटी है जिस पर जाम लगता है। यह गया औरंगाबाद का मुख्य मार्ग का रास्ता है। इस पर एक नए ROB का निर्माण कराया जाए। | PCE, CAO/C |
| 2. | गया में पैसेंजर ट्रेनों की साफ सफाई की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता है इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। | PCME |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | कटारी के पास एक ब्रिज है जो माल गोदाम के आने जाने के लिए भारी वाहन के लिए बंद है । अगर इसका मरम्मत नहीं हो सकता है तो एक नए आरोबी का निर्माण करवाया जाए। | PCE, CAO/C |

* * * * * *

## 10. श्री अजीत कुमार सिंह/प्रतिनिधि, माननीय सांसद, बक्सर लोकसभा

### माननीय सांसद का पत्र सं. PAT/MP/293, दिनांक: 20.06.2025

| क्रं. सं. | मद | संबंधित अधिकारी |
|---|---|---|
| **1.** | **पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन** | |
| 1.1 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उक्त स्टेशन का प्रस्तावित आधुनिकीकरण का वर्तमान स्थिति क्या हैं? | PCE, CAO/C |
| 1.2 | उक्त स्टेशन पर डॉक्टर की उपलब्धता 24 घंटे सुनिश्चित किया जाए साथ ही जरूरी दवाइयाँ (जैसे- बुखार, दर्द) की उपलब्धता हो। वर्तमान में कोई घटना या किसी जरूरी कार्य के लिए डॉक्टर को कॉल करके बुलाया जाता हैं। | PCMS |
| 1.3 | अक्सर यह देखते हैं कि ट्रेनों को स्टेशन के आऊटर पर खड़ा करने से ट्रेन विलंब होता हैं, जबकि प्लेटफॉर्म खाली रहता हैं। | PCOM |
| **2.** | **भभुआ रोड रेलवे स्टेशन** | |
| 2.1 | आरक्षण काउंटर की संख्या बढ़ाई जाए। | PCCM |
| 2.2 | प्लेटफॉर्म की संख्या कम है, जिससे ट्रेनों के आवागमन में देरी होती है। | PCOM |
| 2.3 | फुट ओवरब्रिज पुराना है और एस्केलेटर/लिफ्ट की सुविधा नहीं है। | PCE, PCEE |
| 2.4 | स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण आवश्यक है। | PCE, CAO/C |
| 2.5 | स्टेशन के आसपास की सड़कें संकरी हैं। | |
| 2.6 | इस स्टेशन के पास बने ओवरब्रिज की मरम्मत के नाम पर पिछले एक साल से बंद हैं। इसको मरम्मत कराकर शुरू की जाए। | PCE, CAO/C |
| 2.7 | उक्त स्टेशन पर डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए | PCMS |
| **2.8** | **ट्रेन संबंधित मांगें** | |
| 2.8.1 | गया-वाराणसी इंटरसिटी का ठहराव । | CPTM<br>PCOM<br>PCCM |
| 2.8.2 | वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव । | |
| 2.8.3 | भभुआ-पटना इन्टरसिटी में 2 AC बोगी लगाया जाए | |
| 2.8. | इस स्टेशन से गुजरने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव भभुआ रोड स्टेशन पर हो। | |
| 2.8.4 | 12281 दुरंतों एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित हो। | |
| 2.8.5 | 12379 अमृतसर जलियावाला बाग एक्सप्रेस का ठहराव हो | |
| 2.8.6 | 12443 आनंद विहार टर्मिनल का ठहराव हो | |
| 2.8.7 | 12329 पश्चिम बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का ठहराव हो। | |
| **3** | **दुर्गावती स्टेशन** | |
| 3.1 | यह स्टेशन यात्री एवं व्यापार की दृष्टि से काफी सुदृढ़ हैं। पास में ही दुर्गावती औद्योगिक क्षेत्र हैं। दुर्गावती स्टेशन रेलवे साइडिंग पर आवक वस्तुओं (Inward Commodities) की व्यवस्था की जाए। | PCCM<br>PCOM |
| 3.2 | दुर्गावती रेलवे स्टेशन से पटना तक इंटरसिटी चलने के संबंध में। | CPTM |
| **4** | **कर्मनाशा स्टेशन** | |
| 4.1 | यह स्टेशन मेरे लोकसभा का अंतिम स्टेशन हैं। इस स्टेशन के निर्माण में घोर अनिमियतता बरती गई हैं, निर्माण की गुणवत्ता खराब हैं, जिसकी जांच कराई जाए। | PCE |
| 4.2 | कोरोना के समय में इस स्टेशन से चलने वाली ट्रेन बंद कर दी गई जिसे पुनः शुरू किया जाए। | CPTM |
| 4.3 | इस स्टेशन के पास प्रस्तावित फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाए। | PCE |
| 4.4 | भभुआ पटना इन्टरसिटी का विस्तार कर्मनाशा तक किया जाए। | CPTM |
| 4.5 | आरा- माँ मुंडेश्वरी रेल लाइन का निर्माण किया जाए। | CAO/C |
| 4.6 | दिलदारनगर- माँ मुंडेश्वरी तक रेल लाइन का निर्माण। | CAO/C |
| 4.7 | दुर्गावती प्रखंड के ग्राम- खड़सरा के पास प्रस्तावित फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाए। | PCE, CAO/C |

## प्रतिनिधि श्री अजीत कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त मद

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सांसद जी ने कर्मनाशा स्टेशन के निर्माण में खराब गुणवत्ता की शिकायत की गई थी। परंतु आपके उत्तर से हम संतुष्ट नहीं है। पीसीसी ढलाई के बावजूद वहां से धूल उड़ रही थी । यदि इस संबंध मे कोई जांच की गई है तो जांच रिपोर्ट शेयर की जाए। | PCE |
| 2. | कोरोना पूर्व की सभी से ट्रेनों का आवश्यकता अनुसार ठहराव और परिचालन बहाल किया जाए। | CPTM |
| 3. | सभी स्टेशनों पर पेयजल की सुविधा दी जाए और शौचालय का निर्माण स्टेशन पर राइट टू डिग्निटी के तहत किया जाए। | PCE, CAO/C |

* * * * * * *